Reg. No. | | | | | | | | |

S.F

BCMHDLN 201

Second Semester B.Com. Degree Examination, September 2022
(NEP 2020) (2021 – 22 Batch Onwards)
Language – HINDI
(Group III – Paper-II) (AECC)

Time : 2 Hours | Max. Marks : 60

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×10=10)**

1) कबीर के गुरु कौन थे ?

2) कबीर के अनुसार मनुष्य का जीवन किसके समान है ?

3) तुलसी के अनुसार राम से बड़े कौन होते हैं ?

4) कौडी का अर्थ क्या है ?

5) कृष्ण को किसने खिझाया था ?

6) गुप्तजी के अनुसार उदार व्यक्ति को कौन पूजता है ?

7) जुही की कली कविता में पवन को किस रूप में देखा गया है ?

8) पुतली में संसार – कविता में प्रतियोगी धनुर्धर कहाँ ताक रहा है ?

9) बेजगह – कविता के कवि कौन हैं ?

10) संस्कृत श्लोक का अन्वय करके लड़कियों को कौन डरा रहे थे ?

II. किसी **एक** अवतरण की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **5**

1) जाके मुँह माथा नहीं, नाहिं रूप कुरूप।
पुहुप बास ते पातरा, ऐसा तत्त अनूप।।

2) चरन कमल बंदौ हरि राई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाई।।
बहिरो सुनै, मूक पुनि बोलै, रंक चले सिर छत्र धराई।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बंदौं तेहि पाई।।

III. किसी **एक** अवतरण की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5

1) चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेल मेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

2) आयी याद बिछुड़न से मिलन की वह मधुर बात,
आयी याद चाँदनी की धुली हुई आधी रात,
आयी याद कान्ता की कमनीय गात,
फिर क्या ? पवन
उपवन-सर-सरित गहन-गिरि-कानन
कुञ्ज-लता-पुञ्जों को पार कर
पहुँचा जहाँ उसने की केलि
कली खिली साथ।

IV. पठित दोहों के आधार पर तुलसीदास के विचारों का परिचय दीजिए। 10

अथवा

मीराबाई के पठित पदों का सार लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

V. मनुष्यता – कविता का सार लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

पुतली में संसार – कविता का विवेचन कीजिए।

VI. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5+5=10)

1) सर्वनाम के भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।

2) क्रिया की परिभाषा लिखकर कर्म के अनुसार उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए।

3) भूतकाल के तीन भेदों को सोदाहरण समझाइए।

4) क्रिया विशेषण अव्यय को उदाहरण सहित समझाइए।

VII. अ) शब्द शुद्ध कीजिए : (½×4=2)

1) गोडा 2) मंदीर 3) गितांजली 4) पुज्य

आ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 2

1) मीरा एक प्रसिद्व कवि थी।

2) अब आप पढ़ो।

इ) विलोम शब्द (विरुद्धार्थक शब्द) लिखिए : (½×4=2)

1) अच्छा 2) उपकार 3) नया 4) बहिरंग

ई) निम्नलिखित प्रशासनिक शब्दों के **हिंदी** रूप लिखिए:

1) Economic Crisis
2) Favourable action
3) For Approval
4) Notice in writing.

अथवा

पद परिचय दीजिए : 4

वह पढ़ता है।